# संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी, (आयुष) छत्तीसगढ़

डी. के. एस. परिसर, रायपुर 492001,

फोन नं. (0771) 2221640, फैक्स – 2221641, ईमेल – cgayush@gmail.com

क्रमांक / 1 / स्था. / राज. / महा. / काउं. / 2020–21 / रायपुर,दिनांक 05 MAY 2021

**मान0 उच्च न्यायालय दिल्ली के निर्णय के परिपेक्ष्य में भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश दिनांक 3.5.2021 के पालन में निजी क्षेत्र के भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पुलगांव चौक, दुर्ग के बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम के रिक्त 70 सीटों में शैक्षणिक सत्र 2020–21 में राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु सूचना :–**

प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा NEET (UG) 2020 में सम्मिलित एवं पात्र तथा संचालनालय आयुष द्वारा जारी विज्ञापन / सूचना दिनांक 07.12.2020, 14.12.2020 एवं 28.01.2021 के अनुसार पंजीकृत **छत्तीसगढ़ के मूल निवासी** अभ्यर्थियों से श्रेणी / संवर्गवार काउंसिलिंग / चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है, ऐसे उम्मीदवार जिनका NEET (UG) 2020 की मेरिट सूची में प्राप्तांक / पर्सेन्टाइल, श्रेणी / संवर्गवार निम्नानुसार है में से इच्छुक अभ्यर्थी इस सूचना के आधार पर प्रवेश के लिए विज्ञापन के साथ संलग्न आवेदन पत्र की पूर्ति कर दिनांक 06.05.2021, दोपहर 02.00 बजे तक ई–मेल cgayushbamc@gmail.com पर आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों में से नीट की मेरिट के आधार पर प्रावधिक प्रवेश हेतु चयन किया जावेगा। चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 07.05.2021 को समस्त मूल दस्तावेज सहित महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करना होगा :–

| श्रेणी / संवर्ग | | नीट प्रवेश परीक्षा के कुल प्राप्तांक / पर्सेन्टाइल |
|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ के मूल निवासी | | |
| अनारक्षित | निल | 546 से 113 तक (96.1934038 से 40.1140355 तक) |
| | दिव्यांग | 366 से 127 तक (83.3423925 से 44.6194904 तक) |
| अजजा | निल | 408 से 90 तक (87.0587874 से 31.3683892 तक) |
| अजा | निल | 447 से 89 तक (90.1000993 से 31.0242636 तक) |
| अपिव | निल | 542 से 87 तक (95.9905424 से 30.3122369 तक) |

**नोट :– (1) ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम / द्वितीय / तृतीय / चतुर्थ / पंचम चरण की काउंसिलिंग में चयनित / उपस्थित नहीं हो सके हैं एवं जिनके अंक उपरोक्तानुसार श्रेणी / संवर्गवार दर्शाए गए अंको के अंतर्गत हैं, वे भी काउंसिलिंग / चयन में अवसर (चान्स) लेने हेतु उपरोक्त ई–मेल द्वारा आवेदन कर सकते हैं।**

**(2) किसी भी श्रेणी / संवर्ग के अंतर्गत प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने से**



मास्क पहनें, 2 गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं

**रिक्त रह गई सीटों को छत्तीसगढ़ आयुष स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम, 2019 की कंडिका 4(6) के तहत परिवर्तित कर नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों से भरा जावेगा।**

**महाविद्यालय में प्रवेश के समय सभी उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें, ऐसा न करने पर वे प्रवेश का अवसर खो देंगे :–**

1. नीट (यू.जी.) 2020 परीक्षा का प्रवेश–पत्र।
2. नीट (यू.जी.) 2020 की अंकसूची।
3. ऑनलाइन पंजीयन की प्रति।
4. दसवीं की मूल अंकसूची।
5. बारहवीं की मूल अंकसूची।
6. स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र।
7. स्थायी जाति प्रमाण–पत्र (नियम 4 (2) के अनुसार)।
8. अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु स्थायी जाति प्रमाण–पत्र सहित सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विगत तीन वर्षों में से किसी एक वर्ष का आय प्रमाण पत्र (जो कि शासकीय/केन्द्र शासन के कार्यालय का फार्म–16 अथवा तहसील कार्यालय से जारी किया गया हो )।
9. अभ्यर्थियों को चिकित्सकीय उपयुक्तता सिद्ध करने के लिये अपनी चिकित्सकीय जांच करानी होगी। **इस हेतु उन्हें सिविल सर्जन द्वारा प्रदत्त चिकित्सकीय उपयुक्तता प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
10. **दिव्यांगता संवर्ग** में प्रवेश का लाभ प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के **संभागीय मेडिकल बोर्ड** द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। (नियम 4 (3) के अनुसार)।
11. अध्ययन में यदि व्यवधान हो तो कारण सहित नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र (गैप सर्टिफिकेट) अनिवार्य है।
12. उपरोक्त दस्तावेजों की अभिप्रमाणित छायाप्रतियों का एक सेट एवं दो पासपोर्ट साईज **फोटो** भी साथ लावें।
13. महावद्यिालय में प्रवेश के समय अभ्यर्थी को भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पुलगांव चौक, दुर्ग हेतु निर्धारित शुल्क रू. 1,28,315/– तत्काल जमा कर प्रवेश लिया जाना अनिवार्य है।

**निर्धारित पूर्ण शुल्क तत्काल जमा न करने पर अभ्यर्थी चयन/प्रवेश का अवसर खो देगा।**

**भारत सरकार, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण की जानी है, इस हेतु समय की अल्पता को दृष्टिगत रखते हुए प्रवेशित महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के सम्पूर्ण शुल्क की राशि तत्काल जमा करना आवश्यक है। अतः निर्धारित शुल्क की व्यवस्था के साथ ही प्रवेश हेतु उपस्थित होवें।**

नोट :– (1) यदि कोई सेमेस्टर एक वर्ष छः माह का है तो अभ्यर्थी से अनुपातिक एक वर्ष छः माह का शुल्क लिया जावेगा।

(2) अभ्यर्थी विभागीय वेबसाईट से चेक लिस्ट (Check list) डाउनलोड कर, उक्त चेक लिस्ट में सभी बिन्दुओं की जानकारी की पूर्ति कर उपस्थित होवें।



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

(3) आयुष पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उच्चतम आयु सीमा का अंतिम निर्धारण माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर यायिका क्रमांक SLP(C) 14320/2018 मे पारित अंतिम निर्णय के अध्याधीन होगी।

(4) **प्रवेश की कार्यवाही केन्द्र / राज्य शासन द्वारा समय–समय पर कोविड–19 से बचाव के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों का कठोरता से पालन करते हुए की जावेगी।**

(5) **काउंसिलिंग / चयन / प्रवेश से संबंधित अन्य निर्देश / सूचना हेतु नियमित रूप से निर्धारित वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।**

(6) उक्त निजी क्षेत्र के आयुर्वेद महाविद्यालय की सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही भारत सरकार, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 03.05.2021 के पालन में किया जा रहा है।

(7) इस संबंध में किसी प्रकार की सहायता के लिए दूरभाष नं. **9479063700** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संचालक
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी,
सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़

# संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी, (आयुष) छत्तीसगढ़

**शैक्षणिक सत्र 2020–21 हेतु संचालनालय आयुष द्वारा जारी विज्ञापन / सूचना दिनांक 07.12.2020, 14.12.2020 एवं 28.01.2021 के परिपेक्ष्य में पंजीकृत छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों में से निजी क्षेत्र के भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पुलगांव चौक, दुर्ग के बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम की रिक्त 70 सीटों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र**

**(ई–मेल cgayushbamc@gmail.com पर आवेदन की अंतिम तिथि 06.05.2021, दोपहर 02:00 बजे तक)**

1. नाम ..............................................................
2. नीट रोल नं0 ..............................................................
3. नीट प्राप्तांक ..............................................................
4. नीट मेरिट क्र0 1 अनारक्षित श्रेणी ..............................................................
   2. आरक्षित श्रेणी ..............................................................
4. श्रेणी ..................................(UR / EWS/ ST / SC / OBC)
5. संवर्ग ..................................(FF / Ex.Serviceman / PWD)
6. जन्मतिथि ..............................................................
   (प्रवेश परीक्षा वर्ष के 31 दिसम्बर को न्यूनतम 17 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो।)
7. कक्षा (10+2)12वी में निम्न विषयों के प्राप्तांक
   बॉयोलाजी .............+ रसायन ............. + भौतिकी ............. एग्रीगेट प्रतिशत ....................... %

| | |
|---|---|
| अनारक्षित/ई.डब्ल्यू.एस. | बॉयो ग्रुप, न्यूनतम 50 प्रतिशत |
| अनारक्षित दिव्यांग | बॉयो ग्रुप, न्यूनतम 45 प्रतिशत |
| अ. जा./अ.ज.जा./अपिव<br>इन्ही श्रेणियों के दिव्यांग अभ्यर्थी | बॉयो ग्रुप, न्यूनतम 40 प्रतिशत |

8. ई–मेल ..............................................................
9. मोबाईल नं. ..............................................................

**टीप :– 1. नीट में शामिल किन्तु संचालनालय द्वारा जारी विज्ञापन के परिपेक्ष्य में <u>पूर्व में जिन अभ्यर्थियों द्वारा पंजीयन नहीं कराया गया है वे आवेदन न करें</u>। आवेदन करने की स्थिति में भी आवेदन स्वतः अमान्य हो जायेगा।**

**2. प्रावधिक प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 06.05.2021 को वेबसाईट www.gacraipurcg.in एवं www.gac.bilaspur.gov.in में अपलोड की जावेगी। चयनित अभ्यर्थी को संबंधित महाविद्यालय में दिनांक 07.05.2021 को मूल दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत प्रवेश लेना होगा।**

अभ्यर्थी का नाम एवं हस्ताक्षर

## शैक्षणिक सत्र 2020–21 के बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पुलगांव चौक, दुर्ग की उपलब्ध श्रेणी एवं संवर्गवार राज्य कोटे की सीटों की संख्या

दिनांक 05.05.2021

| राज्य कोटे की कुल सीट संख्या | अनारक्षित | | | | | अनुसूचित जनजाति 32 प्रतिशत | | | | | अनुसूचित जाति 12 प्रतिशत | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग 14 प्रतिशत | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सै. | एफ.एफ | दि. | निल | योग | सै. | एफ.एफ | दि. | निल | योग | सै. | एफ.एफ | दि. | निल | योग | सै. | एफ.एफ | दि. | निल | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| **70** | 1 | 1 | 2 | 24 | **28** | 0 | 0 | 1 | 22 | **23** | 0 | 0 | 0 | 9 | **9** | 0 | 0 | 0 | 10 | **10** |

5/5/21
उप संचालक
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी
सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़

E:\Sthapana College\UG Counselling 2020-21\2 State Quota Seats Counselling\6th\Roaster 2020-21.\Bharti 05-05-2021 (2)\1

संचालक